नईदुनिया (Nai Dunia)
(संस्करण- रायपुर)

दिनांक (Dated): 13.03.2024 | पृष्ठ सं0(Page No). 14 | क्रम सं0 (Serial No) 3

सीआइएसएफ राष्ट्र का गौरव : नित्यानंद राय

आयोजन • सीआइएसएफ के 55वें स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय गृह राज्य मंत्री ने परेड की ली सलामी

भिलाई (नईदुनिया प्रतिनिधि)। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआइएसएफ) के 55वें स्थापना दिवस के अवसर पर सीआइएसएफ क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र उतई भिलाई में मंगलवार को स्थापना दिवस समारोह आयोजित किया गया।

मुख्य अतिथि केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय थे। कार्यक्रम में सीआइएसएफ की महानिदेशक नीना सिंह भी उपस्थित थीं। बलिदानी स्मारक पर शूरवीरों को पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। 406 बल सदस्यों से सुसज्जित परेड ने मुख्य अतिथि को जनरल सेल्यूट देकर सम्मानित किया। परेड निरीक्षण के बाद सीआइएसएफ जवानों ने शक्ति, अनुशासन व समर्पण का अद्भुत प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि नित्यानंद राय ने सीआइएसएफ को राष्ट्र का गौरव ही नहीं बल्कि विरासत का प्रतीक बताया।

भव्य आयोजन में महानिदेशक सीआइएसएफ नीना सिंह ने कहा कि 55 वर्षों की अपनी उल्लेखनीय यात्रा में सीआइएसएफ द्वारा हासिल किए गए महत्वपूर्ण उपलब्धियों में महर्षि वाल्मिकी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, अयोध्या धाम और जम्मू तथा श्रीनगर की कारागृहों पर सीआइएसएफ की तैनाती भी शामिल है। उन्होंने भारत सरकार और हर देशवासी को आश्वासन देते हुए कहा कि सीआइएसएफ का प्रत्येक बल सदस्य अपनी जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण की भावना से निभाने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारा संकल्प और हमारी मेहनत यह सुनिश्चित करेगी कि देश की अर्थव्यवस्था के विकास को गति देने वाले सभी महत्वपूर्ण व संवेदनशील प्रतिष्ठान हर खतरे से पूर्णतः सुरक्षित हैं, ताकि देश की अर्थव्यवस्था सदैव विकास की ओर अग्रसर रहे।

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र उतई में आयोजित कार्यक्रम में अतिथि को परेड की सलामी देते जवान। •नईदुनिया

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय को सम्मानित करतीं सीआइएसएफ की महानिदेशक नीना सिंह। •नईदुनिया

महिला जवानों ने परंपरागत युद्ध कौशल का किया बेहतर प्रदर्शन। •नईदुनिया

शक्ति, अनुशासन व समर्पण का अद्भुत प्रदर्शन : आयोजन के दौरान मणिपुर का भाला युद्ध, रानी लक्ष्मी बाई की सेना, आतंकियों द्वारा अपहरण की घटना व उसका खुलासा व आतंकियों को मार गिराना, अत्याधुनिक तकनीक के माध्यम से डाग स्क्वायड द्वारा आतंकियों का सुराग तलाशना सहित आग पर काबू पाने के लिए ड्रोन एवं रोबोट के माध्यम से पानी डालना, युद्ध कौशल, बगैर हथियार के परंपरागत तरीके से महिला जवानों द्वारा आतंकियों को काबू में करना सहित कई अन्य हैरतअंगेज करतब का प्रदर्शन भी किया गया।

- विशिष्ट राष्ट्रपति पदक से 11 अधिकारी, जवानों को किया सम्मानित
- सीआइएसएफ क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र उतई भिलाई में किया गया आयोजन

सैंटिनल-2024 का विमोचन

नित्यानंद राय ने वार्षिक इन-हाउस प्रकाशन सैंटिनल-2024 और सीआइएसएफ काफी टेबल बुक का विमोचन किया। राय ने विशिष्ट राष्ट्रपति पदक प्राप्त 11 अधिकारियों-जवानों को पदक प्रदान किया। उन्होंने सीआइएसएफ के सभी अधिकारियों,जवान व छत्तीसगढ के नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सीआइएसएफ के स्थापना दिवस की चर्चा एयरपोर्ट पर आम नागरिकों द्वारा भी की जाती है। देश के औद्योगिक संस्थानों की सुरक्षा का पूरे कर्तव्य के साथ दायित्व का निर्वाह करता आ रहा है। आज का दिन अति महत्वपूर्ण है। स्थापना दिवस पर शक्ति, अनुशासन व समर्पण का अद्भुत प्रदर्शन के साक्षी होने का अवसर प्राप्त हुआ है। सीआइएसएफ के जिन अधिकारियों ने कर्तव्य पर पथ पर कर्तव्य का निर्वहन करते हुए देश के प्रति आहुति व बलिदान दिया है, उन्हें नमन करता हूं। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि मुंबई की एक रासायनिक इकाई में गैस लीक होने पर उसे प्रभावित स्थल के आसपास तैनात सीआइएसएफ के आठ जवान तैनात उन्हें आभास हो गया था कि स्थल पर रहने का मतलब जान को जोखिम में डालना ही नहीं बल्कि जान की आहुति देना है। इसके बावजूद आठों जवान गैस लीकेज को रोकने के लिए प्रयासरत रहे।